Published in 29 Jan-2019 print edition of Raj Express

# आईआईटी इंदौर में प्लेसमेंट का दौर जारी, मौजूदा बैच के 83 प्रतिशत स्टूडेंट्स पहले ही दौर में चुने गए

- **तीन से चार स्टूडेंट्स को विदेशी इंटर्नशिप के लिए चुना गया है**
- **गोल्डमेन सैक्स, डीई शॉ बैंकिंग व कंसल्टिंग की मल्टीनेशनल कंपनी ने सबसे अधिक पैकेज ऑफर किया**

**इंदौर ■ पीयूष मौर्य**

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर (आईआईटी) में इस साल अच्छा प्लेसमेंट दिख रहा है। करीब 10 साल पहले खुले संस्थान में इस साल मौजूदा बैच के 83 प्रतिशत स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट पहले ही दौर में हो गया है, जबकि पहले दौर की प्रक्रिया जारी है। प्लेसमेंट में पिछले साल की तुलना में इस साल प्रतिशत बढ़ा है। जानकारी मिलने तक 76 स्टूडेंट्स प्लेसमेंट के लिए बैठे थे जिनमें से 83 प्रतिशत का प्लेसमेंट हुआ है। वहीं करीब 3 से 4 स्टूडेंट्स को विदेशी इंटर्नशिप के लिए भी चुना गया है। इस बार गोल्डमेन सैक्स, डीई शॉ जो कि बैंकिंग व कंसल्टिंग की मल्टीनेशनल कंपनी ने सबसे अधिक पैकेज ऑफर किया है, कितने का पैकेज ऑफर किया गया है इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। फिलहाल संस्थान में प्लेसेंट की प्रक्रिया जारी है।

**डायरेक्टर का रहा रिसर्च पर अधिक फोकस:** हम यदि पुराने आईआईटी के बात करें तो वहां स्टूडेंट्स से लेकर फैकल्टी तक की संख्या अधिक है लेकिन आईआईटी इंदौर में कम रिसोर्स के बावजूद रिसर्च पर अधिक फोकस किया जा रहा है जिस वजह से रिसर्च में वर्ल्ड की टॉप-200 यूनिवर्सिटी में संस्थान शामिल है। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. प्रदीप माथुर का शुरु से ही रिसर्च को लेकर जो फोकस रहा है उसी वजह से यह सफलता मिली है। नए आईआईटी के बावजूद रिसर्च व टीचिंग पर इतना जोर दिया जाता है कि यहां प्लेसमेंट अच्छा है। पिछले कुछ सालों में संस्थान ने कंपनियों का भरोसा भी जीता है। इससे उन्हें बड़ी कंपनियों को बुलाने और स्टूडेंट्स को अच्छे पैकेज पर प्लेसमेंट्स दिलवाने में सफलता मिली है।

**विश्व के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थान में शामिल होने का मिलेगा लाभ:** इस वर्ष टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनॉमी की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत की तरफ से सूची में नए प्रवेश पाने वालों में आईआईटी इंदौर ने 61 वां स्थान पाया हैं। इसका भी लाभ प्लेसमेंट के दौरान मिलने की उम्मीद है। इस सूची में देश के 49 संस्थानों को जगह मिली है। संस्थान अब इमर्जिंग देशों में शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में शामिल हो गया है।

**दो वर्ष में इस तरह आया बदलाव:** आईआईटी इंदौर में वर्ष 2018 की बात करें तो प्लेसमेंट के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) के पहले राउंड में 74 स्टूडेंट्स को ऑफर लेटर दिए गए। इसमें एवरेज 17 लाख रुपए प्रतिवर्ष का पैकेज दिया गया था। जबकि वर्ष 2017 में 13 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक का पैकेज दिया गया था। इसमें 6 मिलियन येन (ओवरसीज) जापानी कंपनी ने और 36.5 लाख प्रतिवर्ष (डोमेस्टिक) ने पैकेज दिया था। इस वर्ष की उम्मीद जताई जा रही है कि कंपनी की ओर से बेहतर ऑफर पैकेज दिया जाएगा।

**15 से 17 फरवरी के बीच टेक्नो-कल्चरल फेस्ट:** आईआईटी इंदौर में सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा टेक्नो-कल्चर फेस्ट फ्लक्सेस का आयोजन होने जा रहा है। 15 से 17 फरवरी के बीच टेक्नो-कल्चरल फेस्ट का आयोजन होना है। इसे लेकर संस्थान के स्टूडेंट्स ने देशभक्ति के गानों पर शहर के एक मॉल में देशभक्ति के गानों पर डांस किया। इसके साथ ही मौजूद लोगों को स्टूडेंट्स ने फ्लक्सेस-2019 की जानकारी भी दी। फेस्ट में कल्चरल और टेक्नोलॉजी पर आधारित प्रतियोगिताएं भी होंगी, जिसमें पूरे देश के स्टूडेंट्स भाग लेंगे।